118/17th Sep'26

प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. /2026)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

www.trai.gov.in

हैदराबाद, सितंबर 2026

**तत्काल प्रकाशन हेतु**


भादूविप्रा ने चेन्नई शहर में तिरुनीरमलाई, पम्मल, सेंट थॉमस माउंट, गिंडी, सैदापेट, अलवरपेट, मायलापुर, एग्मोर, जॉर्ज टाउन, रोयापुरम, टोल गेट, किलपॉक, अन्ना नगर, कोयम्बेडु, पुलियम्बेडु, चेम्बरमबक्कम और कनाडापलायम आदि क्षेत्रों में मोबाइल नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया।

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने आम दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए जुलाई 2026 के दौरान तमिलनाडु एलएसए के अंतर्गत चेन्नई शहर में किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किए हैं। इस ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) द्वारा प्रदान की जा रही मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की रीयल-टाइम गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान भादूविप्रा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट(सीडीआर), कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सीएसएसआर), डेटा डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट आदि जैसे सेवा की गुणवत्ता (क्यूओएस) के प्रमुख मापदंडों के आधार पर टीएसपी के प्रदर्शन का आकलन करता है। इसके परिणाम उपभोक्ताओं को जानकारी देने और टीएसपी को अपनी सेवाओं में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रकाशित किए जाते हैं।

2. इन आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट्स, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विभिन्न उपयोग वाले परिवेशों में सभी टीएसपी के वास्तविक जमीनी स्तर पर मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का आकलन करने के लिए तैयार किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव टेस्ट में सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर लाइव डेटा और वॉयस सेशन स्थापित किए जाते हैं। इसके लिए कई उन्नत टेस्ट हैंडसेट का उपयोग किया जाता है और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम के माध्यम से इन सेशन की रीयल-टाइम में निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से तमिलनाडु एलएसए के अंतर्गत चेन्नई शहर में 15 जुलाई 2026 से 17 जुलाई 2026 के दौरान 232.8 Kms का सिटी ड्राइव, 7 हॉटस्पॉट स्थानों और 9.9 Kms का वॉक टेस्ट किया। ये टेस्ट भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की निगरानी में किए गए। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन, ड्राइव टेस्ट किए जाने के दिन/समय पर परीक्षण किए गए क्षेत्र/रूट में टीएसपी के प्रदर्शन को दर्शाते हैं।

4. ड्राइव टेस्ट रूट मैप**:** निम्नलिखित मैप में दर्शाए गए संकेतों के अनुसार सिटी ड्राइव, इंटर-ऑपरेटर कॉलिंग, हॉटस्पॉट्स और वॉक टेस्ट को दर्शाते हुए ड्राइव टेस्ट रूट का विवरण दिया गया है:-



5. आकलन किए गए प्रमुख मापदंड

क. कवरेज गैप: उन सैंपल्स का प्रतिशत, जिनमें संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए निर्धारित न्यूनतम सिग्नल स्ट्रेंथ से कम सिग्नल स्ट्रेंथ पाया गया।

ख. वॉयस सेवाएं: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सीएसएसआर), कॉल ड्रॉप रेट (डीसीआर), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एमओएस)।

ग. कॉल साइलेंस इंस्टेंस: कॉल के दौरान हुए कॉल साइलेंस इंस्टेंस की संख्या।

घ. डेटा सेवाएं: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट।

6. चेन्नई शहर में प्रमुख मापदंडों के आधार पर मोबाइल नेटवर्क के समग्र प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है: -

क) कवरेज गैप - ड्राइव टेस्ट रूट पर ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में वॉयस टेस्टिंग के दौरान प्राप्त कुल सैंपल्स में से कमजोर सिग्नल स्ट्रेंथ वाले सैंपल्स की संख्या के रूप में मापी गई सिग्नल स्ट्रेंथ एयरटेल के लिए 43/57398, बीएसएनएल के लिए 1072/56431, आरजेआईएल के लिए 159/55815 और वीआईएल के लिए 54/56842 रही। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मैप में दिया गया है।
ड्राइव टेस्ट रूट पर ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में वॉयस टेस्टिंग के दौरान प्राप्त कुल सैंपल में से सीमित सेवा (लिमिटेड सर्विस) वाले सैंपल्स की संख्या के रूप में मापी गई सिग्नल स्ट्रेंथ एयरटेल के लिए 7/57398, बीएसएनएल के लिए 191/56431, आरजेआईएल के लिए 0/55815 और वीआईएल के लिए 0/56842 रही। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मैप में दिया गया है।

ख) ड्रॉप कॉल - सफलतापूर्वक स्थापित कॉलों की कुल संख्या में से ड्रॉप हुई कॉलों की संख्या के रूप में मापी गई ड्रॉप कॉल की संख्या एयरटेल के लिए 0/500, बीएसएनएल के लिए 12/499, आरजेआईएल के लिए 1/514 और वीआईएल के लिए 1/508 रही। ड्रॉप कॉल वाले स्थानों का विवरण संलग्न मैप में दिया गया है।

ग) कॉल साइलेंस इंस्टेंस - स्थापित की गई कुल कॉलों में से > 3 सेकंड तक देखे गए साइलेंस इंस्टेंस की कुल संख्या के रूप में मापे गए कॉल साइलेंस इंस्टेंस एयरटेल के लिए 3/493, बीएसएनएल के लिए 38/486, आरजेआईएल के लिए 2/492 और वीआईएल के लिए 3/501 रहे। कॉल साइलेंस इंस्टेंस वाले स्थानों का विवरण संलग्न मैप में दिया गया है।

घ) डेटा डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट:

i. डेटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र): औसत डाउनलोड स्पीड एयरटेल (5G/4G) के लिए 125.49 Mbps, बीएसएनएल (3G) के लिए 11.40 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) के लिए 302.97 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) के लिए 38.76 Mbps दर्ज की गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मैप में दिया गया है।

ii. डेटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र): औसत अपलोड स्पीड एयरटेल (5G/4G) के लिए 34.21 Mbps, बीएसएनएल (3G) के लिए 6.37 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) के लिए 30.43 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) के लिए 25.22 Mbps दर्ज की गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मैप में दिया गया है।

**ड्रॉप्ड कॉल और कॉल साइलेंस इंस्टेंस वाले स्थानों को संलग्न मैप पर दिए गए लाल बिंदु पर क्लिक करके देखा जा सकता है।**

7. आईडीटी के दौरान कवर किए गए ड्राइव टेस्ट रूट और क्षेत्र का विवरण निम्नानुसार है:-

क. सिटी - सिटी ड्राइव के दौरान चेन्नई शहर में तिरुनीरमलाई, पम्मल, सेंट थॉमस माउंट, गिंडी, सैदापेट, अलवरपेट, मायलापुर, एग्मोर, जॉर्ज टाउन, रोयापुरम, टोल गेट, किलपॉक, अन्ना नगर, कोयम्बेडु, पुलियम्बेडु, चेम्बरमबक्कम और कनाडापलायम आदि क्षेत्रों को कवर किया गया।

ख. हॉटस्पॉट - एक स्थान पर स्थिर उपयोगकर्ता के अनुभव का आकलन करने के लिए कवर किए गए हॉटस्पॉट स्थान हैं: 1. चेन्नई एयरपोर्ट पार्किंग 2. सीटीआरएलएस डेटा सेंटर 3. होटल लेमन ट्री 4. प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो 5. सवीथा इंजीनियरिंग कॉलेज 6. वडापलानी मेट्रो स्टेशन 7. वीआर मॉल चेन्नई।

ग. वॉक टेस्ट - 16 जुलाई 2026 को किए गए वॉक टेस्ट में चेन्नई एयरपोर्ट रनवे और चेन्नई एयरपोर्ट टर्मिनल के अंदर के क्षेत्र को कवर किया गया।

8. इस आईडीटी रिपोर्ट के निष्कर्षों को आगे आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संबंधित टीएसपी के साथ साझा किया गया है। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध कराई गई है। किसी भी स्पष्टीकरण या अतिरिक्त जानकारी के लिए adv.hydreabad@trai.gov.in पर ईमेल भेजा जा सकता है अथवा भादूविप्रा के क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद से टेलीफोन नंबर 040-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।

**बी. प्रवीण कुमार**
सलाहकार, क्षेत्रीय कार्यालय हैदराबाद